# नगर निगम, रूद्रपुर जनपद--ऊधमसिंह नगर की बोर्ड बैठक
# दिनांक 26.03.2021 का कार्यवृत्त

बोर्ड बैठक / 2020--21

दिनांक: 26 मार्च, 2021

दिनांक 26 मार्च, 2021 को प्रातः 11:00 बजे नगर निगम रूद्रपुर के सभागार में निगम बोर्ड की बैठक आहूत की गयी, जिसमें महापौर, पार्षदगण सहित निम्न पदेन सदस्य एवं नामित पार्षदगण उपस्थित हुये–

| क्र.सं. | नाम | पदनाम | क्षेत्र / वार्ड का नाम |
|---|---|---|---|
| | श्री रामपाल सिंह | महापौर | नगर निगम, रूद्रपुर |
| 1. | श्री सुरेश चन्द्र | पार्षद | वार्ड नं0 1, फुलसुंगा / फुलसुंगी |
| 2. | श्री राजेन्द्र निषाद | पार्षद | वार्ड नं0 2, ट्रांजिट कैम्प पूर्वी |
| 3. | श्री विधान राय | पार्षद | वार्ड नं0 3, ट्रांजिट कैम्प मध्य |
| 4. | श्री सुशील मण्डल | पार्षद | वार्ड नं0 4, ट्रांजिट कैम्प पश्चिमी |
| 5. | श्रीमती प्रीति साना | पार्षद | वार्ड नं0 5, मुखर्जी नगर |
| 6. | श्री निमित कुमार शर्मा | पार्षद | वार्ड नं0 6, जगतपुरा |
| 7. | श्री कैलाश राठौर | पार्षद | वार्ड नं0 7, आजाद नगर |
| 8. | श्री शिव कुमार गंगवार | पार्षद | वार्ड नं0 8, विवेक नगर |
| 9. | श्री मोहन कुमार | पार्षद | वार्ड नं0 9, शिव नगर |
| 10. | श्रीमती किरन राठौर | पार्षद | वार्ड नं0 10, राजा कालोनी / ठाकुर नगर |
| 11. | सुश्री बबीता वैरागी | पार्षद | वार्ड नं0 11, संजय नगर |
| 12. | श्रीमती सीमा गुप्ता | पार्षद | वार्ड नं0 12, औद्योगिक क्षेत्र |
| 13. | श्री जितेन्द्र यादव | पार्षद | वार्ड नं0 14, भदईपुरा |
| 14. | श्री नाजिम अली | पार्षद | वार्ड नं0 15, पहाड़गंज |
| 15. | श्री प्रमोद कुमार शर्मा | पार्षद | वार्ड नं0 16, बिगवाडा |
| 16. | श्रीमती शालू पाल | पार्षद | वार्ड नं0 17, खेडा दक्षिणी |
| 17. | श्रीमती शायरा बानो | पार्षद | वार्ड नं0 18, खेड़ा मध्य |
| 18. | श्री सुनील कुमार | पार्षद | वार्ड नं0 19, खेड़ा उत्तरी |
| 19. | मो0 जाहिद | पार्षद | वार्ड नं0 20, भूतबंगला उत्तर–पूर्वी |
| 20. | श्री अमित कुमार मिश्रा | पार्षद | वार्ड नं0 21, भूतबंगला पश्चिमी–दक्षिणी |
| 21. | श्रीमती पुष्पा रानी | पार्षद | वार्ड नं0 22, रम्पुरा पूर्वी |
| 22. | श्रीमती पूजा | पार्षद | वार्ड नं0 23, रम्पुरा मध्य |
| 23. | श्रीमती कमला देवी | पार्षद | वार्ड नं0 24, रम्पुरा पश्चिमी |
| 24. | श्री सुशील कुमार यादव | पार्षद | वार्ड नं0 25, फाजलपुर महरौला |
| 25. | श्रीमती रजनी रावत | पार्षद | वार्ड नं0 26, सीरगोटिया |
| 26. | श्रीमती मधु शर्मा | पार्षद | वार्ड नं0 27, गाँधी कालोनी |
| 27. | श्रीमती इलमा समरीन | पार्षद | वार्ड नं0 29, आदर्श कालोनी एसआरए |
| 28. | श्री आयुष तनेजा | पार्षद | वार्ड नं0 30, डी1डी2 |
| 29. | श्रीमती सुनीता मुन्जाल | पार्षद | वार्ड नं0 31, एलायंस कालोनी |
| 30. | श्री मोहन लाल खेडा | पार्षद | वार्ड नं0 32, भूरारानी |
| 31. | श्री सुशील चौहान | पार्षद | वार्ड नं0 33, सिंह कालोनी |
| 32. | श्री अम्बर सिंह | पार्षद | वार्ड नं0 34, इन्द्रा कालोनी |
| 33. | श्रीमती श्यामली विश्वास | पार्षद | वार्ड नं0 35, आदर्श इन्द्रा कालोनी |

Signature of Mayor

| | | | |
|---|---|---|---|
| 34 | श्री विरेन्द्र कुमार | पार्षद | वार्ड नं0 36, आदर्श कॉलोनी घास मण्डी |
| 35. | श्री बबलू सागर | पार्षद | वार्ड नं0 37, कल्याणी व्यू/रविन्द्र नगर |
| 36. | श्रीमती रीना जग्गा | पार्षद | वार्ड नं0 38, आवास विकास पश्चिमी |
| 37. | श्री रमेश कालड़ा | पार्षद | वार्ड नं0 39, आवास विकास पूर्वी |
| 38. | श्री राजेश कुमार | पार्षद | वार्ड नं0 40, रिंडकुल |

| क्र.सं. | नाम | पदनाम | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री राजकुमार ठुकराल | पदेन सदस्य | विधायक, विधानसभा–66, रूद्रपुर |
| 2. | श्री राजेश शुक्ला | पदेन सदस्य | विधायक, विधानसभा–67, किच्छा |
| 3. | श्री संजीव गुप्ता | पदेन सदस्य | प्रतिनिधि, मा0 सांसद, नैनीताल–ऊधमसिंह नगर |

| क्र.सं. | नाम | पदनाम | वार्ड का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री धीरेश गुप्ता | नामित पार्षद | वार्ड नं0–02, ट्रांजिट कैम्प पूर्वी |
| 2. | श्री सुनील यादव | नामित पार्षद | वार्ड नं0–27, गाँधी कालोनी |
| 3. | श्रीमती शालनी बोरा | नामित पार्षद | वार्ड नं0–01, फुलसुंगा/फुलसुंगी |
| 4. | श्री अजय मोर्या | नामित पार्षद | वार्ड नं0–04, ट्रांजिट कैम्प पश्चिमी |
| 5. | श्री राजकुमार कोली | नामित पार्षद | वार्ड नं0–23, रम्पुरा मध्य |

**उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 (उत्तराखण्ड में विभिन्न संशोधनों सहित यथाप्रवृत्त) की धारा 90(3) के प्राविधानों के अन्तर्गत एजेण्डे के अनुसार बोर्ड बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई–**

| प्रस्ताव संख्या | प्रस्ताव | प्रस्ताव स्वीकृति विवरण |
|---|---|---|
| 1. | पिछली कार्यवाही की पुष्टि/अनुमोदन पर विचार। | नगर आयुक्त द्वारा सदन के समक्ष पिछली बोर्ड बैठक की कार्यवाही को पढ़कर सुनाया गया तथा पारित प्रस्ताव के सापेक्ष कृत कार्यवाही से भी अवगत कराया गया। जिस पर सदन द्वारा पिछली बोर्ड बैठक की कार्यवाही की पुष्टि एवं अनुमोदन सर्वसम्मति से की गयी। |
| 2. | वित्तीय वर्ष 2020–21 में हुए आय–व्यय एवं वर्ष 2021–22 के बजट पर विचार। | वरिष्ठ वित्त अधिकारी द्वारा सदन के समक्ष वित्तीय वर्ष 2021–22 का बजट पढ़कर सुनाया गया, जिसका सारांश निम्नवत् है– |

| क्र0 सं0 | विवरण | धनराशि लाख में |
|---|---|---|
| 1 | प्रारम्भिक अवशेष 01.04.2021 | 3779.72 |
| 2 | अनुमानित आय वर्ष 2021–22 | 4059.45 |
| 3 | प्रारम्भिक अवशेष सहित कुल आय | 7839.17 |
| 4 | अनुमानित व्यय वर्ष 2021–22 | 7043.90 |
| 5 | अनुमानित वर्षान्त अवशेष (31.03.2022) | 795.27 |

तत्पश्चात वरिष्ठ वित्त अधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 का बजट एवं वर्ष 2020–21 में हुये व्ययाधिक्य हेतु रू0 7,00,00,000.00 (सात करोड़) का अनुपूरक बजट अनुमोदन हेतु सदन के सम्मुख रखा गया। चर्चा उपरान्त सदन द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु प्रस्तुत बजट की

Signature of Mayor

| | | |
|---|---|---|
| | | सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान करते हुए वित्तीय वर्ष 2020–21 के बजट एवं वर्ष 2020–21 में हुये व्ययाधिक्य रू0 7,00,00,000.00 (सात करोड़) के अनुपूरक बजट का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। |
| 3. | नगर निगम, रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत ई–निविदा के माध्यम से 15वें वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग मद से रू0 50,00,000.00 (पचास लाख रूपये मात्र) तक की कीटनाशक दवाईयाँ (चूना, एण्टी मलेरियल ऑयल, एण्टी लारवा, फॉगिंग हेतु दवाई/कैमिकल, फिनायल, हार्पिक इत्यादि) क्रय किये जाने पर होने वाले व्यय पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने पर विचार। | प्रस्ताव पर विचार–विमर्श किया गया। विचारोपरान्त सदन द्वारा ई–निविदा के माध्यम से 15वें वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग मद से रू0 50,00,000.00 (पचास लाख रूपये मात्र) तक की लागत से कीटनाशक दवाईयाँ (चूना, एण्टी मलेरियल ऑयल, एण्टी लारवा, फॉगिंग हेतु दवाई/कैमिकल, फिनायल, हार्पिक इत्यादि) क्रय किये जाने एव इसमें आने वाले व्यय की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। |
| 4. | नगर निगम, रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत मोहल्ला स्वच्छता समिति के गठन और उस पर होने वाले व्यय पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने पर विचार। | प्रस्ताव पर विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। जिसमें सदन को अवगत कराया गया कि नगर निगम रूद्रपुर में स्वच्छता समिति बनाये जाने हेतु 37 प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं। जिस पर स्वच्छता समिति के माध्यम से वार्ड में नियोजित कार्मिक की उपस्थिति सम्बन्धित वार्ड पार्षद से सत्यापित होने के उपरान्त ही समिति को भुगतान किये जाने की सहमति पर सदन द्वारा आवश्यकतानुसार स्वच्छता समिति बनाये जाने एवं उस पर होने वाले व्यय की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। |
| 5. | नगर रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत फाजलपुर महरौला में कूड़ा विधायन संयंत्र स्थापित किये जाने हेतु नगर निगम, रूद्रपुर की भूमि पर सीबीजी प्लांट के अतिरिक्त शेष रिक्त भूमि पर सफाई निरीक्षक कक्ष, गार्ड रूम, यार्ड इत्यादि के निर्माण की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार। | प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया। विचारोपरान्त नगर रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत फाजलपुर महरौला में कूड़ा विधायन संयंत्र स्थापित किये जाने हेतु नगर निगम, रूद्रपुर की भमि पर सीबीजी प्लांट के अतिरिक्त शेष रिक्त भूमि पर सफाई निरीक्षक कक्ष, गार्ड रूम, यार्ड इत्यादि के निर्माण कराये जाने एवं इसमें आने वाले व्यय की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। |
| 6. | नगर निगम, रूद्रपुर में कार्यरत स्थायी कार्मिकों/पेंशनर्स को अटल आयुष्मान भारत/अटल आयुष्मान कार्ड (गोल्डन कार्ड) योजना हेतु पंजीकृत कराये जाने हेतु प्रस्ताव पर प्रशासनिक स्वीकृति पर विचार। | प्रस्ताव पर विचार–विमर्श किया गया। विचारोपरान्त नगर निगम, रूद्रपुर में कार्यरत स्थायी कार्मिकों/पेंशनर्स को अटल आयुष्मान भारत/अटल आयुष्मान कार्ड (गोल्डन कार्ड) योजना हेतु पंजीकृत कराये जाने हेतु प्रस्ताव पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। |
| 7. | कोविड–19 से विज्ञापन जगत में मन्दी के फलस्वरूप वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए नगर निगम, रूद्रपुर द्वारा लिये जा रहे विज्ञापन शुल्क वसूली ठेके की धनराशि में | प्रस्ताव पर विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। चर्चा में अवगत कराया गया कि कोविड–19 से आउटडोर विज्ञापन जगत में आयी मन्दी के फलस्वरूप विज्ञापन शुल्क वसूली हेतु चार बार निविदा आमंत्रित किये जाने पर भी किसी भी |

Signature of Mayor

| | | |
|---|---|---|
| | 35 प्रतिशत कमी करने पर विचार। | निविदादाता द्वारा निविदा में प्रतिभाग नहीं किया गया। अतः माह दिसम्बर 2021 तक की अवधि के लिए नगर निगम, रूद्रपुर द्वारा पूर्व में किये गये अनुबन्ध की धनराशि के सापेक्ष 35 प्रतिशत कमी करते हुए अनुबन्ध की अवधि में एक वर्ष की समयावृद्धि किये जाने की सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। |
| 8 | नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 172झ के अनुसार नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित प्रेक्षागृहों (Theatres) पर प्रति शो निम्नानुसार कर आरोपित किये जाने पर विचार–<br>✓ मल्टीप्लैक्स / मिनीप्लैक्स हेतु दर= रू0 30.00 प्रति शो<br>✓ साधारण सिनेमा हॉल हेतु दर= रू0 25.00 प्रति शो<br>✓ Open Theatres हेतु दर= रू0 20.00 प्रति शो | प्रस्ताव पर विचार–विमर्श किया गया। जिसमें नगर निगम की आय में वृद्धि किये जाने के दृष्टिगत नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 172झ के अनुसार नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित प्रेक्षागृहों (Theatres) पर प्रति शो निम्नानुसार कर आरोपित किये जाने हेतु सदन के समक्ष प्रस्ताव रखा गया–<br>✓ मल्टीप्लैक्स / मिनीप्लैक्स हेतु दर= रू0 30.00 प्रति शो<br>✓ साधारण सिनेमा हॉल हेतु दर= रू0 25.00 प्रति शो<br>✓ Open Theatres हेतु दर= रू0 20.00 प्रति शो<br>प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा उपरान्त सदन द्वारा उपरोक्त प्रस्तावित दरों के अनुसार शुल्क आरोपित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। |
| 9. | नगर निगम, रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत नगर निगम, रूद्रपुर द्वारा प्रति मोबाईल टॉयलेट दैनिक किराया रू0 500.00 (पॉच सौ रूपये मात्र) की दर से दिये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचार। | प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा किया गया। जिसमें नगर निगम रूद्रपुर की आय में वृद्धि किये जाने के दृष्टिगत नगर निगम, रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत प्रति मोबाईल टॉयलेट दैनिक किराया रू0 500.00 (पॉच सौ रूपये मात्र) की दर पर दिये जाने का प्रस्ताव रखा गया। जिसमें सदन द्वारा विस्तृत चर्चा उपरान्त निर्णय लिया गया कि मोबाईल टॉयलेट व्यवसायिक प्रयोजन हेतु रू0 500.00 प्रतिदिन की दर से एवं धार्मिक व सामाजिक प्रयोजन हेतु निःशुल्क दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। |
| 10. | नगर निगम, रूद्रपुर द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पकडे जाने वाले आवारा गौवंशीय पशुओं को पकडकर श्री राधे कृष्ण गौ सेवा सदन ट्रस्ट (रजि0), बाजपुर में भिजवाने के क्रम में श्री राधे कृष्ण गौ सेवा सदन ट्रस्ट (रजि0), बाजपुर को देय एक मुश्त धनराशि रू0 3,500.00 (तीन हजार पॉच सौ रूपये मात्र) प्रति गौवंशीय पशुओं पर होने वाले व्यय पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किए जाने पर विचार। | प्रस्ताव पर विचार–विमर्श किया गया। चर्चा उपरान्त नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत पकडे जाने वाले आवारा गौवंशीय पशुओं को पकडकर गौशाला / गौ सदन में भिजवाने तथा उक्त गौवंशीय पशुओं की देख–रेख हेतु गौशाला / गौ सदन को देय प्रतिवर्ष एक मुश्त धनराशि रू0 3,500.00 (तीन हजार पॉच सौ रूपये मात्र) प्रति गौवंशीय पशु पर होने वाले व्यय की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी तथा श्री राधे कृष्ण गौ सेवा सदन ट्रस्ट (रजि0), बाजपुर में पूर्व में भेजे गये गौवंशीय पशुओं पर हुए व्यय के भुगतान की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। |



Signature of Mayor

| | | |
|---|---|---|
| 11 | अन्य प्रस्ताव अध्यक्ष / मा० बोर्ड की अनुमति से। | |
| 11(1) | नगर निगम की स्वामित्व वाली दुकानों के किराये की दरों तथा नॉन रिफण्डेबल प्रीमियम का निर्धारण बाजार दरों के अनुसार निर्धारित करने के प्रस्ताव को स्थगित किये जाने पर विचार। | प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा किया गया। जिसमें सदन को अवगत कराया गया कि बोर्ड बैठक दिनांक 07.11.2020 के प्रस्ताव सं0 11 के क्रम में नगर निगम की स्वामित्व वाली दुकानों के किराये की दरों तथा नॉन रिफण्डेबल प्रीमियम का निर्धारण बाजार दरों के अनुसार बोर्ड द्वारा स्वीकृत निर्धारित दर पर लिये जाने हेतु सम्बन्धिता को नोटिस निर्गत किया गया है। जिस पर कतिपय पार्षदों द्वारा व्यापारी हित के दृष्टिगत उक्त भेजे गये नोटिसो को निरस्त करते हुए प्रस्तावित दरों के पुर्ननिर्धारण पर बल दिया गया। जिस पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से नगर निगम रूद्रपुर द्वारा भेजे गये उक्त नोटिसो को निरस्त करते हुए प्रस्तावित दरों के पुर्ननिर्धारण करने हेतु 06 सदस्यीय समिति गठित करने की स्वीकृति प्रदान की गयी, जिसमें 01 पार्षद (भाजपा), 01 पार्षद (कांग्रेस) एवं 02 व्यापारी प्रतिनिधि को सम्मिलित करने का निर्णय लिया गया। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। |
| 11(2) | नगर निगम, रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित नजूल भूमि सहित समस्त प्रकार की रिक्त भूमि को नगर निगम रूद्रपुर के स्वामित्व में दिये जाने की कार्यवाही पर विचार। | प्रस्ताव पर विचार–विमर्श किया गया। चर्चा में नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत रिक्त नजूल भूमि सहित समस्त प्रकार की रिक्त भूमि को नगर निगम रूद्रपुर के स्वामित्व में दिये जाने हेतु शासन/जिला प्रशासन को प्रस्ताव प्रेषित किये जाने की अनुमति मॉगी गयी तथा यह भी अवगत कराया गया कि उक्त भूमि का उपयोग नगर निगम रूद्रपुर की आय अर्जन के रूप में किया जायेगा। जिस पर सदन द्वारा प्रस्ताव पर सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। |
| 11(3) | वार्डो में होने वाले विकास कार्य के शिलापट्टों पर नामित पार्षदों के नाम अंकित कराये जाने पर विचार। | प्रस्ताव पर विचार–विमर्श किया गया। चर्चा में नगर निगम के नामित पार्षदों द्वारा वार्डो में होने वाले विकास कार्य के शिलापट्टों पर सम्बन्धित क्षेत्र के नामित पार्षद का भी नाम अंकित कराये जाने का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। |
| 11(4) | नगर निगम, रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित रिक्त नजूल भूमि को चिन्हित कर उसकी चाहरदीवारी करवाये जाने एवं उसमें आने वाले व्यय की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार। | महापौर द्वारा सदन के समक्ष नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित रिक्त नजूल भूमि को, लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर भूमि को खुर्द–बुर्द किये जाने से, बचाने हेतु सम्पूर्ण नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत रिक्त नजूल भूमि को चिन्हित कर उसकी चाहरदीवारी कराये जाने का प्रस्ताव रखा गया। सदन द्वारा प्रस्ताव पर सहर्ष ध्वनिमत से सहमति देते हुए इसमें आने वाले व्यय की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। |



Signature of Mayor

| | | |
|---|---|---|
| 11(5) | जिन वार्डों के मार्ग अत्यधिक सकरे हैं उन वार्डों में हाथ कूड़ा रिक्शा के माध्यम से कूड़ा उठान करवाये जाने पर विचार। | प्रतिनिधि, मा0 सांसद द्वारा सदन के समक्ष प्रस्ताव रखा गया कि जिन वार्डो के मार्ग अत्यधिक सकरे हैं और जहाँ डोर–टू–डोर कूड़ा कलैक्शन वाहन मार्ग के अन्तिम छोर तक नहीं पहुँच पाते हैं, ऐसे क्षेत्रों/मौहल्लो में हाथ कूड़ा रिक्शा के माध्यम से कूड़ा कलैक्शन कार्य कराया जाय। जिस पर सदन द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। |
| 11(6) | काशीपुर बाईपास मार्ग की तर्ज पर किच्छा बाईपास मार्ग का चौड़ीकरण कराये जाने पर विचार। | श्री राजेश शुक्ला, मा0 विधायक द्वारा काशीपुर बाईपास मार्ग की तर्ज पर किच्छा बाईपास मार्ग का भी चौडीकरण कराये जाने का प्रस्ताव सदन के समक्ष रखा गया, जिस पर सदन द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। |
| 11(7) | टैन्ट व्यवसायियों द्वारा नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत टैन्ट गाड़ कर सड़कों/ सार्वजनिक स्थानों को क्षति पहुँचाये जाने की दशा में उन पर जुर्माना लगाये जाने पर विचार। | प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया। सदन को अवगत कराया गया कि रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत टैन्ट व्यवसायियों द्वारा सड़कों/सार्वजनिक स्थानो पर टैन्ट गाड कर सडकों को क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है। इस पर रोक लगाया जाना अत्यावश्यक है। सदन द्वारा प्रस्ताव पर विचारोपरान्त टैन्ट व्यवसायियों द्वारा नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत सडकों/ सार्वजनिक स्थानों पर टैन्ट गाड़ कर सड़कों/सार्वजनिक स्थनों को क्षति पहुँचाने वाले व्यवसायियों पर रू0 25–50 हजार तक का जुमार्ना आरोपित किये जाने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। |
| 11(8) | आवश्यकतानुसार विकास कार्य कराये जाने एवं उस पर आने वाले व्यय की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार। | सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होने से पूर्व ही महापौर द्वारा सदन को अवगत करा दिया गया था कि नगर निगम रूद्रपुर में तकनीकी अभियन्ताओं की कमी है। तकनीकी अभियन्ताओं के अभाव में पूर्व बोर्ड बैठक में स्वीकृत विकास कार्यो पर कार्यवाही पूर्ण नहीं हुई है। ऐसे में नये विकास कार्यो के प्रस्तावों को लिया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा। जिसके दृष्टिगत बोर्ड बैठक में किसी विकास कार्य के प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाने का निर्णय लिया गया था, परन्तु पार्षदों की माँग पर महापौर द्वारा आवश्यक प्रकृति के विकास कार्यो के प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने की सहमति दी गयी। जिस पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से निम्न विकास कार्यो के प्रस्ताव स्वीकार किये जाने एवं इसमें आने वाले व्यय की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। स्वीकृत विकास कार्यो की सूची निम्नवत है–<br>1. वार्ड नं0 01 सांई हार्डवेयर से शाही जी के घर तक नाली एवं सडक निर्माण कार्य।<br>2. वार्ड नं0 01 शिमला बहादुर में मौर्या जी के घर से यादव जी के घर होते हुए छाबडा जी एवं अकबर के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य। |

Signature of Mayor

3. वार्ड नं0 01 भटनागर जी एवं पाठक जी के घर होते हुए यादव जी के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।
4. वार्ड नं0 02 कृष्णा कालोनी में छेदालाल गंगवार के घर से सपन के खेत से होते हुए पंकज पाण्डे के घर तक नाला निर्माण कार्य।
5. वार्ड नं0 02 कृष्णा कालोनी में खजूर के पेड़ से रस्तोगी की दुकान होते हुए मनीष यादव के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।
6. वार्ड नं0 02 ट्रांजिट कैम्प में राधा कृष्ण मन्दिर में जनमिलन केन्द्र का निर्माण कार्य।
7. वार्ड नं0 03 सपन राय के घर से जगदेव निषाद के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।
8. वार्ड नं0 03 धीमान सरकार के घर से अजय ग्राहक सेवा केन्द्र तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।
9. वार्ड नं0 03 नारायण दास से कन्या जूनियर स्कूल तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।
10. वार्ड नं0 03 स्थाई दायित्व ग्रह से संजय हीरा के घर तक सड़क व एक तरफ नाली निर्माण कार्य।
11. वार्ड नं0 04 अशोक कुमार के घर से जयन्ती सरकार के घर तक दोनों तरफ नाली तथा सीसी रोड निर्माण कार्य।
12. वार्ड नं0 04 ब्रह्माशंकर गंगवार के घर से पीताम्बर जोशी के घर तक नाली एवं सड़क निर्माण कार्य।
13. वार्ड नं0 04 सपन मण्डल के घर से गौरव के घर तक एक तरफ नाली एवं सीसी रोड निर्माण कार्य।
14. वार्ड नं0 05 मुखर्जीनगर में गोविन्द मन्दिर के सामने लिन्टर एवं उसके ऊपर कम्युनिटी हॉल का निर्माण।
15. वार्ड नं0 05 सपन साना के घर से होते हुए रोम्से सिम्टी से उदय के मकान तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।
16. वार्ड नं0 05 दुलाल विश्वास के मकान से होते हुए पुलिन मृधा के मकान तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।
17. वार्ड नं0 06 जगतपुरा में रंजीत कौर के मकान से विनोद यादव के मकान से होते हुए हरिदास के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।
18. वार्ड नं0 06 जगतपुरा में वैष्णो मन्दिर से डा0 बलभद्र यादव के मकान से होते हुए बीएचईएल क्वाटर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।
19. वार्ड नं0 6 जगतपुरा में गोविन्द ठाकुर के घर से हरेन्द्र के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।
20. वार्ड नं0 6 संत रविदास मन्दिर में जनमिलन केन्द्र का पुर्ननिर्माण कार्य।



Signature of Mayor

| | | |
|---|---|---|
| | | 21. वार्ड नं0 07 आजादनगर में सोनू के घर से शीलू के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।<br>22. वार्ड नं0 07 धर्मेन्द्र राठौर के घर से होते हुए वार्ड नं0 8 प्रेमपाल के घर से वार्ड नं0 3 मदन के होटल तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।<br>23. वार्ड नं0 07 अमित के घर से नन्हें के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।<br>24. वार्ड नं0 08 पवन गुप्ता के घर से झील तक सीसी रोड व डिवाईडर निर्माण कार्य।<br>25. वार्ड नं0 08 गिरीश राठौर के घर से गुड्डू के घर से होते हुए आस्था पब्लिक स्कूल तक सीसी रोड व दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य।<br>26. वार्ड नं0 08 वेदी के घर से यादव जी के घर तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।<br>27. वार्ड नं0 08 दीपक के घर से बहादुर यादव के घर तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।<br>28. वार्ड नं0 09 मण्डल मेडिकल स्टोर से जयप्रकाश के घर तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।<br>29. वार्ड नं0 09 कृष्णचन्द्र रस्तोगी के घर से जसवन्त राठौर के घर तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।<br>30. वार्ड नं0 09 गंगवार रेडीमेड गारमेन्ट दुकान से रवि राठौर की दुकान तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।<br>31. वार्ड नं0 10 सोहनलाल के घर से अजीत दास के घर तक सीसी व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।<br>32. वार्ड नं0 10 पप्पू राठौर के घर से किरन रस्तोगी के घर तक सीसी रोड व एक तरफ नाली निर्माण कार्य।<br>33. वार्ड नं0 10 विश्वजीत के घर से छोटेलाल शर्मा के घर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य।<br>34. वार्ड नं0 11 बसन्ती मन्दिर ग्राउण्ड बाबू विश्वास के घर से मृणाल के घर तक सीसी रोड व नाला निर्माण कार्य।<br>35. वार्ड नं0 11 बसन्ती मन्दिर ग्राउण्ड में स्थित कन्या जूनियर स्कूल के आंगन में टायल्स फर्श का निर्माण।<br>36. वार्ड नं0 11 नारायण सरकार के घर के सामने काली मन्दिर के पास पुलिया का निर्माण कार्य।<br>37. वार्ड नं0 12 शास्त्री नगर में प्रकाश के घर से मिश्रीलाल के घर से होते हुए युसुफ के घर तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।<br>38. वार्ड नं0 12 रेशमबाडी दूधियानगर में अनिल गुप्ता की दुकान से राणा के घर तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य। |



Signature of Mayor

39. वार्ड नं0 12 शास्त्री नगर में कुंवरसेन के घर से धरमवीर के घर तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।
40. वार्ड नं0 12 शास्त्री नगर में हनुमान मन्दिर से बेगुल नदी तक सीमेण्टेड पाईप द्वारा नाले का निर्माण कार्य।
41. वार्ड नं0 13 अलीम के घर से मुन्ने के घर से होते हुए इरफान के घर से जिशान के घर तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।
42. वार्ड नं0 13 दूधिया नगर में माँ शेरा वाली मन्दिर के पास नाला निर्माण व मरम्मत कार्य।
43. वार्ड नं0 13 छोटेलाल के घर से छाछन लाल के घर से सुन्दर के घर से हरिओम के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।
44. वार्ड नं0 14 में एन0एच0 74 से शंकर यादव के घर तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।
45. वार्ड नं0 14 में विकेश के घर से राकेश किराना स्टोर होते हुए शान्ति कालोनी रोड तक कबर्ड नाले का निर्माण कार्य।
46. वार्ड नं0 15 युगेन्द्र सिंह के घर से वरीस किराना स्टोर व संजय सिंह के यहाँ से कोमल सिंह व नन्हें चक्की वालों के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य।
47. वार्ड नं0 15 नजाकत नेता के घर से राजेन्द्र सिंह व रफीक व सूरज सिंह के घर तक सीसी रोड निर्माण।
48. वार्ड नं0 15 अग्रसेन वाली गली से सूका भाई व नदी तक बडे नाले पर स्लैब डालकर कवर्ड कराने का कार्य।
49. वार्ड नं0 16 शान्ति कालोनी में तेजपाल, चरनजीत, पप्पू के घर से होते हुए धर्मेन्दर व छोटेलाल के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।
50. वार्ड नं0 16 वसन्त विहार कालोनी में एन0एच0 74 से दीपेन्द्र चौधरी के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।
51. वार्ड नं0 16 बिगवाड़ा में शमशान घाट में फर्श, टायल्स व सौन्दर्यीकरण कार्य।
52. वार्ड नं0 16 दक्ष चौक से एन0एच0 74 तक सडक चौड़ीकरण व सड़क निर्माण कार्य।
53. वार्ड नं0 17 जाहिद के घर से डा0 चन्द्रपाल के घर होते हुए अकील के घर तक सडक और नाली निर्माण कार्य।
54. वार्ड नं0 17 पुरानी धर्मशाला में एवं मन्दिर के निकट टायल्स सौन्दर्यीकरण कार्य।
55. वार्ड नं0 17 संत भगत के घर से डा0 शाहिद के घर तक सड़क व नाली निर्माण कार्य।



Signature of Mayor

56. वार्ड नं0 17 रामलाल के घर से नूर अहमद व शिवप्रसाद के घर तक सड़क व नाली निर्माण कार्य।
57. वार्ड नं0 17 बांके बिहारी मन्दिर के निकट टीनशैड का निर्माण कार्य।
58. वार्ड नं0 18 मकसूद अल्वी के घर से कैसर अली के घर तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।
59. वार्ड नं0 18 मुख्तार मंसूरी के घर से रामजीतन के घर तक नाली एवं सीसी रोड निर्माण कार्य।
60. वार्ड नं0 19 सूरज बाल्मीकि के घर से बृजलाल बाल्मीकि की दुकान तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।
61. वार्ड नं0 19 रामाशीष की दुकान से सुभाष की दुकान तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।
62. वार्ड नं0 19 मंगली बाल्मीकि के घर से छोटेलाल एवं धर्मवीर के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण।
63. वार्ड नं0 20 गली नं0 07 में आसिफ के मकान से मुकेश के मकान तक त्रिकोणी रोड निर्माण कार्य।
64. वार्ड नं0 20 बाल्मीकि मन्दिर में दीवार उच्चीकरण, ग्रिल व मुख्य द्वार निर्माण कार्य।
65. वार्ड नं0 21 हबीब मियां से लेकर ताहिर खान व इन्तखाब मियां से लेकर काण्डपाल जी के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।
66. वार्ड नं0 21 पुराने एस.डी.एम. कोर्ट के पास पार्क में अम्बेडकर जी की मूर्ति की स्थापना, टीनशैड का निर्माण एवं पार्क का सौन्दर्यीकरण कार्य।
67. वार्ड नं0 22 काली मन्दिर के नीचे बरात घर की 08 फुट ऊँची बाउण्ड्री एवं 04 कमरे, मिटटी भरान कर हाईटेक शौचालय व स्नानघर बनाकर समस्त जगह राजस्थानी पत्थर लगाकर सौन्दर्यीकरण का कार्य।
68. वार्ड नं0 22 श्रीमती कान्ति कोली के घर से मोहन लाल एवं पप्पू के घर होते हुए बाल्मीकि धर्मशाला तक सीसी रोड, दोनों तरफ नाली, नालियों के ऊपर जाल एवं पुलिया निर्माण कार्य।
69. वार्ड नं0 23 रामसेवक बेकरी वाले के सामने से राम अवतार केला वाले के घर तक सीसी रोड एव दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।
70. वार्ड नं0 23 जयपाल के घर से गीता सब्जी वाली के घर तक सडक एवं नाली निर्माण कार्य।
71. वार्ड नं0 24 राजू सुनार के घर से पप्पू के घर तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।
72. वार्ड नं0 24 रतन प्रकाश किराने वाले के घर से हरप्रसाद के घर तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।

Signature of Mayor

73. वार्ड नं0 25 रामकिशन के घर से विराट मेडिकल स्टोर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।
74. वार्ड नं0 25 बराड नगर में राजेन्द्र सिंह के घर से धीरज शर्मा, डी0एन0 शर्मा से स0 गुरलाल सिंह के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।
75. वार्ड नं0 26 हाईवे की सर्विस रोड से मॉडल कालोनी और सूर्या एन्क्लेव के बीच से गोपीनाथ मन्दिर की दीवार तक नाले का निर्माण कार्य।
76. वार्ड नं0 26 आर0एस0 बिष्ट के घर से ऊषा खुराना के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।
77. वार्ड नं0 26 हाईवे की सर्विस रोड से आनन्द होटल से खण्डेलवाल सक्सेना एण्ड एसोसिएटस तक सीसी रोड और नाली का निर्माण कार्य।
78. वार्ड नं0 27 गल्ला मण्डी में श्याम मन्दिर के समीप राजेश श्यामपुरिया के घर के सामने चारदीवारी का निर्माण कार्य।
79. वार्ड नं0 27 प्रिन्स होटल के साथ से होते हुए दानिश के गोदाम व साजिद खॉ की दुकान से होते हुए नैनीताल हाइवे तक नाले की रिपेयरिंग तथा उनके ऊपर स्लैब निर्माण कार्य।
80. वार्ड नं0 27 महिपाल के घर से संदीप व रवि के घर तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।
81. वार्ड नं0 27 गल्ला मण्डी के पीछे स्कूल से अखिलेश पाण्डे की दुकान से मधु शर्मा के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य।
82. वार्ड नं0 29 आदर्श कालोनी डा0 रहेजा के घर से आरिफ अंसारी के घर से होते हुए जगदीश टण्डन के घर तक सड़क के दोनो ओर फुटपाथ पर सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य।
83. वार्ड नं0 29 सुभाष कालोनी में मनोकामना वैष्णो मन्दिर में एक सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य।
84. वार्ड नं0 29 धर्मेन्द्र शर्मा के कोने से आनन्दपुर सत्संग भवन तक सीसी रोड, दोनो तरफ नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य।
85. वार्ड नं0 30 अनन्त प्रेम आश्रम रोड, बालाजी मन्दिर रोड, घास मण्डी रोड और सिविल लाईन रोड की डिवाईडर मरम्मत कर ऊँचाई बढ़ाना, पेन्ट करवाकर पेड़–पौधे लगाने के लिए स्थान बनाने का कार्य।
86. वार्ड नं0 30 गुरूनानक इण्टर कालेज से नाले को रोड पार मन्दिर तक सीधा नाले का निर्माण कार्य।
87. वार्ड नं0 31 मलिक कालोनी गली नं0 04 में सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।
88. वार्ड नं0 31 जैन कालोनी में ट्रासफार्मर से लेकर बीरबल बर्गर वाले की दुकान तक सीसी रोड व दोनो



Signature of Mayor

तरफ नाली निर्माण कार्य।

89. वार्ड नं0 31 एलायन्स कालोनी मैन चौराहे से लेकर गेट नं0 03 की ओर जा रहे नाले, स्लैब व सौन्दर्यीकरण कार्य।

90. वार्ड नं0 32 दुर्गा कालोनी, भूरारानी में डेनी के घर से सिल्वर ओक कालोनी रोड तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।

91. वार्ड नं0 32 दुर्गा कालोनी, भूरारानी में वी0के0 प्रभाकरन के घर से धन सिंह अधिकारी के घर होते हुए कैलाश नेगी के घर होते हुए चरनजीत सिंह के घर तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।

92. वार्ड नं0 32 सरस्वती कालोनी, भूरारानी मे आर.ए.एन. स्कूल वाली सडक से सरजू सहनी के घर तक सीसी रोड व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।

93. वार्ड नं0 33 सिंह कालोनी गली नं0 07 में राजीव मेडिकल से रेलवे की जमीन तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।

94. वार्ड नं0 33 जैन कालोनी से लेकर मनीष खेडा के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।

95. वार्ड नं0 33 पीजी के सामने से रामसिंह के टैंट से भूरारानी मोड तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।

96. वार्ड नं0 35 परिमल ढाली के घर से होते हुए काशीनाथ हाजरा के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।

97. वार्ड नं0 35 सुसैन मण्डल के घर से होते हुए कृष्णा इण्टर कालेज के अन्दर से पीएसी की बाउण्ड्री के बराबर से गली नं0 01 तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य।

98. वार्ड नं0 35 सिंह कालोनी गली नं0 11 से होते हुए सिंह कालोनी अन्त तक बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य।

99. वार्ड नं0 36 पीएसी 31वीं वाहिनी में ब्लाक के सामने बारात घर व चारदीवारी का निर्माण कार्य।

100. वार्ड नं0 36 विजयपाल के घर से सरस्वती विद्या मन्दिर स्कूल से बालाजी द्वार तक नाले का निर्माण।

101. वार्ड नं0 36 एमटी के पीछे ब्लाक के सामने सीसी रोड निर्माण कार्य।

102. वार्ड नं0 37 विपुल गाईन के घर से लेकर नेताजी सुभाष क्लब के दूसरे गेट तक सडक व नाली निर्माण कार्य।

103. वार्ड नं0 37 कालीबाडी मन्दिर के सामने जनमिलन केन्द्र का निर्माण कार्य।

104. वार्ड नं0 37 छोटे जेपीएस पब्लिक स्कूल के पास रविन्द्रनाथ टैगोर पार्क का सौन्दर्यीकरण कार्य।

Signature of Mayor

| | | |
|---|---|---|
| | | 105. वार्ड नं0 38 वार्ड के तीन पार्कों के सौन्दर्यीकरण का कार्य।<br>106. वार्ड नं0 39 सुशीला तिवारी पार्क की बाउण्ड्री एवं पार्क के चारो तरफ रैम्प निर्माण कार्य।<br>107. वार्ड नं0 39 जोजू किराना के पीछे पार्क की बाउण्ड्री व नाली निर्माण कार्य।<br>108. वार्ड नं0 39 सूरज के डिपो से सरजू के घर तक डाक्टर कुमार के घर से पप्पु मियां के घर तक पार्क की चारदीवारी निर्माण कार्य।<br>109. वार्ड नं0 40 एचआरसी पत्थरचट्टा पन्तनगर मैन रोड से कन्हैया के घर तक डामर रोड निर्माण कार्य।<br>110. वार्ड नं0 40 पत्थरचट्टा सैनिक फार्म कालोनी में ऑफिस के सामने और कालोनी के सामने डामर रोड का निर्माण कार्य।<br>111. वार्ड नं0 40 मटकोटा फार्म कालोनी नैनीताल हाइवे से प्राथमिक विद्यालय तक सीसी रोड निर्माण कार्य। |

नोटः– उपरोक्त स्वीकृत प्रस्तावों में आने वाले व्यय का वहन शासन द्वारा जारी शासनादेशों, धनावंटन में दिये गये निर्देशों तथा वित्तीय नियमों के अन्तर्गत किया जायेगा, जिसके लिए नगर निगम रूद्रपुर के लेखा अनुभाग का दायित्व निर्धारित किया गया।

बैठक के अन्त में मा0 महापौर एवं नगर आयुक्त द्वारा बोर्ड की बैठक में उपस्थित पार्षदगणों/सदस्यों/अधिकारियों को धन्यवाद के साथ बैठक समाप्ति की सहर्ष घोषणा की गई।

(रामपाल सिंह)
महापौर
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर



Signature of Mayor